दिनांक 17 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जिओ कंपनी रात्रि में चोरी छुपे करता था केबल बिछाने के लिये खुदाई का काम , निगम ने योजना बनाकर की कार्रवाई, केबल वायर सहित केसिंग पाईप हुई जप्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रं. 02 वैशालीनगर के वार्ड 16 कुरूद कैलाश नगर हाईटेशन लाईन के पास जान्हवी ब्यूटी पार्लर के समीप जिओ फाईबर केबल कंपनी के द्वारा सायं कालीन तकरीबन 6 बजे के आस पास खुदाई की तैयारी की जा रही थी, बिना अनुमति के केबल बिछाने को लेकर निगम की टीम ने केबल वायर एवं फैसिंग पाईप को जप्त करने की कार्रवाई की। उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा ने बताया कि पहले भी जिओ केबल कंपनी द्वारा केबल बिछाने के लिये खुदाई की गई थी, और दो स्थानों पर इस दौरान पाईप लाईन भी क्षतिग्रस्त हुये थे। रात्रि में ही चोरी छुपे खुदाई करने के कारण यह पता नहीं चल पा रहा था कि कौन खुदाई का कार्य कर रहा है। तब वैशाली नगर निगम की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने तोड़फोड़ दस्ता के साथ क्षेत्र का कार्यालयीन समय के बाद निरीक्षण करने के लिये टीम को तैयार कर योजना बनाई और टीम खुदाई करने वालो का पता लगाने क्षेत्र में निरीक्षण करने निकली। जान्व्ही ब्यूटी पार्लर के सामने केबल एवं फाइबर पाईप के साथ जिओ कंपनी के कर्मचारी खुदाई की तैयारी में थे। पुरन्तु उसी दौरान निगम की टीम पहुंच गई।
मौके पर केबल बिछाने के लिये एनओसी मांगी गई पर एनओसी से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये, जिसके चलते 3 बंडल प्लास्टिक केबल एवं 10 नग लोहे का केसिंग पाईप को जप्त किया गया। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम , तोड़फोड़ दस्ता से कन्हैया यादव , चैतु, मंगल, लालू एवं अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी